आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- देश भर में कोविड–19 के तीन हजार नौ सौ साठ से ज़्यादा सक्रिय मामले सामने आए हैं।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – कृषि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है।
- आकाशवाणी श्री विजयपुरम आज अपना 62वां स्थापना दिवस मना रहा है।
- दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवा लाभान्वित हो रहे हैं।

<><><><><><><>

देश भर में कोविड–19 के तीन हजार नौ सौ साठ से ज़्यादा सक्रिय मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में सबसे ज़्यादा चौदह सौ 35 मामले दर्ज किए गए हैं, इसके बाद महाराष्ट्र में पांच सौ छह और दिल्ली में चार सौ 83 मामले दर्ज किए गए हैं। द्वीपसमूह में वर्तमान में कोविड का एक भी मामला सामने नहीं आया है। ऐसे में, स्वास्थ्य सेवा उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने लोगों से एहतियात बरतने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है। नई दिल्ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर श्री चौहान ने ग्रामीण निर्धनता में आई कमी और देश में लोगों के जीवन स्तर में आए सकारात्मक बदलाव का उल्लेख किया। कृषि क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में श्री चौहान ने बताया कि हाल में धान की दो नई किस्में विकसित की गई हैं, जिससे उपज में 30 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से अंडर–16 लड़के एवं लड़कियों के लिए निःशुल्क ग्रीष्मकालीन फुटबॉल कोचिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। 10 जून से 25 जून तक यह शिविर लगेगी। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक ने कोचिंग के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महासचिव मदन लाल ने दक्षिण अंडमान क्षेत्र में बिजली की लगातार कटौती के संबंध में ऊर्जा सचिव को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि लगातार और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने और लोड शेडिंग होने के कारण उद्यमियों और व्यवसायियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महासचिव ने सचिव से विद्युत व्यवस्था में सुधार का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम आज अपना 62वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप–महानिदेशक अभियांत्रिकी सी. सुब्बा राव, उप–निदेशक अभियांत्रिकी डी. नरासिम्हा, सहायक निदेशक कार्यक्रम मीना प्रकाश, कार्यक्रम निष्पादक और अन्य कार्यकारी अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर बोलते हुए उप–महानिदेशक–अभियांत्रिकी सी. सुब्बा राव ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस समारोह में उद्घोषकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सहायक निदेशक कार्यक्रम मीना प्रकाश ने आकाशवाणी के माध्यम से लोगों को प्रदान की जा रही मनोरंजन और सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण विकास मंत्रालय का प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य गरीबों, विशेषकर महिलाओं के लिए मजबूत संस्थानों का निर्माण करके गरीबी में कमी लाना तथा इन संस्थानों को वित्तीय सेवाओं और आजीविका तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाना है। इस योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर ननकौड़ी द्वीपसमूह के कच्छाल गांव की जस्टिना एक कुशल स्वास्थ्य सेवा पेशेवर बन चुकी है। ननकौड़ी के खंड विकास अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को सशक्त बनाने में कौशल विकास कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन की ओर से 5 दिवसीय बाल विहार शिविर का आयोजन किया जाएगा। 4 जून से 8 जून तक मिशन के सभागार में "आपका मन–आपका पैराशूट" शीर्षक से आयोजित होने वाले शिविर में छठी से नवीं

कक्षा के छात्र भाग ले सकते हैं। यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। शिविर में ध्यान, योग और प्राणायाम के अलावा प्रतियोगिताओं के आयोजन भी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में यू जी पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों के लिए स्रोत अधिकारियों का पैनल तैयार किया जाएगा। चयनित प्रवक्ताओं को प्रति लेक्चर एक हजार पांच सौ रूपये का मानदेय दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा पचास हजार रूपये प्रतिमाह होगी। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म कॉलेज के प्राचार्य के पते पर पच्चीस जून तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र कॉलेज की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>